संख्या. ए-15015/1/209-ए.डी.II (पी.एफ.)2880/II

भारत सरकार/ Government of India

गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार

Directorate of Coordination Police Wireless

शिक्षित भारत विकसित भारत

खण्ड सं-9 के.स.का परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,

लोधी रोड ,नई दिल्ली -3/Lodhi Road, New Delhi-3

दिनांक/Date:- 04 नवम्बर, 2025

## परिपत्र

**विषयः अधिकारियों द्वारा हिंदी में डिक्टेशन देने संबंधी प्रोत्साहन योजना (वर्ष 2025-26) ।**

समन्वय निदेशलय पुलिस बेतार में गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के दिनांक 06.03.1989 के का.ज्ञा.सं. II 12013/1/89-रा.भा. (क-2) और दिनांक 14 सितम्बर, 2016 के का.ज्ञा.सं. 12013/01/2011-रा.भा. (नीति) के अनुपालन में अधिकारियों द्वारा हिंदी में डिक्टेशन देने संबंधी प्रोत्साहन योजना को लागू किया जा रहा है :-

1. ऐसे सभी अधिकारी, जिन्हें आशुलिपिक की सहायता उपलब्ध है, **या जो सामान्यतः डिक्टेशन देते हैं**, इस योजना में शामिल हो सकते हैं।
2. योजना 01.04.2025 से 31.03.2026 तक की अवधि में हिंदी में दिए गए डिक्टेशन कार्य से संबंधित है।
3. इसके अंतर्गत समन्वय निदेशलय पुलिस बेतार में प्रति वर्ष एक ऐसे अधिकारी को पुरस्कार के लिए चुना जाएगा जो साल में सबसे अधिक डिक्टेशन हिंदी में दे। योजना में भाग लेने वाले अधिकारी अपने द्वारा हिंदी में दिए गए डिक्टेशन के बारे मे रिकार्ड रखेंगे। यह रिकार्ड उनके स्टेनो/निजी सहायक भी रख सकते हैं तथा उसके सत्यापन का पूरा उत्तरदायित्व संबंधित अधिकारी का होगा। यह रिकार्ड संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित किये गये प्रोफार्मा (नमूना संलग्न है) में रखा जा सकता है अथवा संबंधित अधिकारी द्वारा एक फोल्डर रखा जा सकता है जिसमें डिक्टेशन देने वाले अधिकारी का नाम, डिक्टेशन की तिथि और डिक्टेशन लेने वाले कर्मचारी का नाम अंकित हो तथा दिए गए डिक्टेशन की प्रतियां संबंधित फाइल क्रमांक के साथ रखी गई हों।
4. राजभाषा विभाग के दिनांक 06.03.1989 के का.ज्ञा.सं. II 12013/1/89-रा.भा. (क-2) और दिनांक 14 सितम्बर, 2016 के का.ज्ञा.सं. 12013/01/2011-रा.भा. (नीति) के अनुपालन में योजना के अंतर्गत 5000/-रुपये के दो पुरस्कार रखे गए हैं। इनमें से एक पुरस्कार ऐसे अधिकारी के लिए होगा जिसका घोषित निवास स्थान 'क' तथा 'ख' क्षेत्र के अंतर्गत हो और दूसरा पुरस्कार ऐसे अधिकारी के लिए होगा जिनका घोषित निवास स्थान 'ग' क्षेत्र में हो।
5. पुरस्कार निर्धारण के लिए समन्वय निदेशलय पुलिस बेतार के किसी उच्च स्तर के अधिकारी को मूल्यांकन अधिकारी नामित किया जाएगा अथवा इस कार्य हेतु एक मूल्यांकन समिति का गठन किया जा सकता है।
6. समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्रों के अधीन कार्यरत सभी इच्छुक अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपना नामांकन रिकोर्ड सहित वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के पश्चात **दिनांक 30.04.2026** तक राजभाषा अनुभाग को नीचे दिये गए प्रपत्र में भरकर प्रेषित करें ।
7. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

**संलग्नकः** प्रपत्र ।

अभिषेक यादव
04/11/2025

(अभिषेक यादव)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

**प्रतिलिपि:**

1. निदेशक महोदय के निजी सचिव ।
2. अपर निदेशक (मुख्यालय) के निजी सहायक / अपर निदेशक (संचालन) के निजी सहायक ।
3. सभी संयुक्त निदेशक / क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारी / उप निदेशक ।
4. सहायक निदेशक (आई.टी) — स.नि.पु.बे. की वेबसाइट पर अपलोड के लिए ।
5. आहरण एवं संवितरण अधिकारी / प्रधान लेखा अधिकारी, स.नि.पु.बे. ।
6. समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्रों के अधीन कार्यरत सभी अधिकारियों को वेबसाइट के माध्यम से ।

**प्रपत्र**

**हिंदी में अधिक से अधिक डिक्टेशन से संबंधित पुरस्कार योजना के अंतर्गत रखे जाने वाले रिकार्ड का प्रपत्र**

| क्रम संख्या | माह | डिक्टेशन से लिखे गये शब्दों की संख्या | फाइल संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| | | | | |

अभिषेक यादव
04/11/२०२5